आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आज मतदान होगा।
- जी एस टी में बड़ा सुधार–22 सितम्बर से लागू होंगी नई दरें।
- उप–राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर द्वीपसमूह में मेगा परियोजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी दी।
- जलयान सिंधु के स्थान पर जलयान नालंदा आज सुबह नौ बजे ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की यात्रा पर जाएगा।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा।

<><><><><><><>

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक माल एवं सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। परिषद ने जीएसटी संरचना को चार स्लैबः 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय संरचना में बदल दिया है। इन सुधारों से कई क्षेत्रों के कर दरों में कमी आएगी और नागरिकों का जीवन आसान होगा। जीएसटी में सुधार आम आदमी पर केंद्रित हैं और इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सांसदों से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवाकर –जीएसटी सुधारों की जानकारी लोगों तक पहुँचाने का आग्रह किया है।

श्री मोदी ने ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक–2025 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के लाभों के बारे में जागरूक करने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने कल शाम भाजपा और एनडीए सांसदों की दो दिन के कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित किया। भाजपा नेता और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कार्यशाला में प्रधानमंत्री ने हाल ही में संसद में पारित महत्वपूर्ण विधेयकों पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री मोदी ने जीएसटी सुधारों का भी उल्लेख किया। श्री रिजिजू ने कहा कि उप–राष्ट्रपति चुनाव के बाद सांसद अब इस संदेश को अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ले जाएँगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक परिवर्तनकारी चरण में प्रवेश कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2040 तक चंद्र मिशन और 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद श्री बिष्णु पद रे ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भूमि राजस्व और भूमि सुधार विनियमन, 1966 के अंतर्गत भूमि के उप–विभाजन से संबंधित मामलों में नागरिकों को हो रही कठिनाइयों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। सांसद ने मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में विनियमन की धारा 84 और 148 के अंतर्गत भूमि का उप–विभाजन के अभिलेखों को सटीक और अद्यतन रखने, नागरिकों को निजी सर्वेक्षकों द्वारा तैयार की गई फ़ील्ड मापन पुस्तिकाओं के रूप में ही प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के राजस्व विभाग के आदेश के कारण हो रही विसंगतियों को उठाया है। सांसद ने इस संबंध में सुझाव भी दिए है, जिसमें उप–विभाजन के आवेदनों पर अधिकार अभिलेख प्रविष्टियों के आधार पर, सरल रेखाचित्रों, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अंतिम माप, सीमांकन, सर्वेक्षण और भूमि अभिलेख कर्मचारियों द्वारा किए जाने, निजी एफएमबी–आधारित प्रस्तावों पर ज़ोर देने की प्रणाली को बंद करना शामिल है। इसे देखते हुए उन्होंने प्रशासन के मुख्य सचिव से इस मामले में हस्तक्षेप करने और उप–विभाजन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपनी नई दिल्ली यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री, अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल ने द्वीपसमूह में द्वीप विकास एजेंसी के अंतर्गत पूर्ण होने वाली परिवर्तनकारी अवसंरचना, पर्यटन और आतिथ्य, मेगा परियोजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी दी। अगले चरणों के दौरान अनुवर्ती प्रस्तावों और त्वरित विकास के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा विकासीय परियोजनाओं पर चर्चा की।

<><><><><><><>

जलयान नालंदा अब जहाज सिंधु के स्थान पर आज सुबह नौ बजे ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की यात्रा पर जाएगा। जलयान की वापसी 11 सितंबर को सुबह 8 बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम के लिए होगी। जिन यात्रियों ने जलयान सिंधु के यात्री टिकट लिए थे, वे अब उसी टिकट पर जलयान नालंदा से यात्रा कर सकते हैं। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय कोलकाता एन सी ई आर टी शिक्षा मंत्रालय और विज्ञान भारती के सहयोग से विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान संबंधी ज्ञान बढ़ाना, भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान की जानकारी और अनुसंधान कार्यों की समझ विकसित करना है। इसमें कक्षा छठीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। ये परीक्षा बारह प्रमुख भारतीय भाषाओं के साथ हिन्दी और अंग्रेजी में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप जैसी डिजिटल उपकरणों का प्रयोग करके परीक्षा दे सकेंगे। यह परीक्षा अक्तूबर में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सृजन' के तहत इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। इसके अलावा भास्कर छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी तीस सितम्बर तक व्यक्तिगत या विद्यालय के माध्यम से vvm.org.in पर पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप के निवासियों से 15 सितंबर तक की अवधि के लिए समुद्री रेत संग्रहण हेतु परमिट जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदनों के साथ सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित वैध भूमि अभिलेख –फॉर्म–एफ संलग्न होना आवश्यक है।

आवेदन के साथ आवेदक के पहचान पत्र की एक प्रति भी जमा करनी होगी। आवेदन पत्र शहीद द्वीप के वन अधिकारी के पास सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच जमा किए जा सकते हैं। वैध दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर दोपहर 2 बजे तक है।

<><><><><><>

द्वीपों के कई भागों में वर्षा हुई। कल शाम साढ़े पांच बजे तक ननकौड़ी में चौदह दशमलव दो मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में तेरह दशमलव आठ और हटबे में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में तेज हवा के साथ भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप–राष्ट्रपति पद के लिए आज होने वाले मतदान के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी पहली बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुलाकात को भी प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने कार्बाइंस कोव तट पर चल रहे ढांचागत कार्यों के चलते पर्यटकों की कमी के समाचार को प्रमुखता दी है। द इको ऑफ इंडिया ने जी बी पंत अस्पताल में एम आर आई मशीन की कमी के कारण मरीजों को हो रही परेशानी के समाचार को प्रकाशित किया है और इंफो इंडिया ने मायाबंदर के आंध्र समाजम के सदस्यों की क्षेत्र के सहायक आयुक्त से मुलाकात के समाचार को अपने पेपर में जगह दी है।

<><><><><><>